## आउटर पॉइंट पर मिले 35 से 40 अतिरिक्त जवान

- नो एंट्री पॉइंट पर अब रहेगी ज्यादा नजर, ट्रैफिक के 119 जवानों की ड्यूटी बदली
- बल की कमी दूर करने जोन 2 में बढ़ाई तैनाती

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर के आउटर इलाके और नो एंट्री पॉइंट पर अब ट्रैफिक पुलिस की निगरानी और सख्त होगी. लंबे समय से बल की कमी झेल रहे जोन 2 में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है. इसके लिए यातायात विभाग ने बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 119 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बदल दी है.

देर शाम जारी आदेश में सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक और महिला आरक्षक सहित 119 पुलिसकर्मियों को एक जोन से दूसरे जोन में भेजा गया है. विभागीय सूत्रों के मुताबिक फेरबदल का सबसे ज्यादा फायदा जोन 2 को मिला है, जहां करीब 35 से 40 अतिरिक्त जवान तैनात किए हैं. बताया जा रहा है कि जोन 2 में शहर के अधिकांश आउटर क्षेत्र और नो एंट्री पॉइंट आते हैं. यहां लंबे समय से स्टाफ कम होने के कारण यातायात व्यवस्था और नो एंट्री उल्लंघन पर कार्रवाई प्रभावित हो रही थी. इसी को देखते हुए अतिरिक्त बल उपलब्ध कराया गया है.

**पुनर्विन्यास किया है...**

सभी जोनों की आवश्यकता का आकलन करने के बाद पुलिसकर्मियों का पुनर्विन्यास किया है. जिन क्षेत्रों में बल कम था, वहां अतिरिक्त स्टाफ भेजा है, ताकि यातायात व्यवस्था और प्रवर्तन कार्रवाई अधिक प्रभावी ढंग से संचालित की जा सके.

– राजेश कुमार त्रिपाठी, डीसीपी ट्रैफिक

## दो बाइकों की टक्कर के बाद कंटेनर के नीचे आया नाबालिग, मौत

- डकाच्या में भी कंटेनर की टक्कर से एक युवक की जान गई
- बारिश, फिसलन और सड़क पर भरे पानी ने बढ़ाया खतरा



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बारिश के बीच फिसलन भरी सड़कों पर हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है. एबी रोड स्थित खलघाट हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत के बाद एक 15 वर्षीय किशोर सड़क पर गिर पड़ा और पीछे से आ रहे कंटेनर की चपेट में आ गया. कंटेनर का पहिया सिर पर से गुजरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, शिप्रा क्षेत्र के डकाच्या में भी बारिश के दौरान कंटेनर की टक्कर से एक युवक की जान चली गई.

धामनोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महेश पिता मोहनसिंह उम्र 15 साल अपनी बाइक पर दो साथियों को बैठाकर हाईवे किनारे जा रहा था. इसी दौरान एक अन्य बाइक सवार सड़क पार करने लगा. उसे बचाने के प्रयास में दोनों बाइकों की टक्कर हो गई. टक्कर के बाद महेश और उसके साथी सड़क पर गिर पड़े. तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने महेश को कुचल दिया. हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथियों और दूसरे बाइक सवार को मामूली चोटें आई हैं.

**हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर प्रभावित हुआ यातायात**

हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभाली. इधर, शिप्रा क्षेत्र के डकाच्या में भी बारिश के दौरान एक कंटेनर की टक्कर से गणेश नामक युवक की मौत हो गई. वह बाइक से सर्विस रोड पर जा रहा था, तभी एक कंपनी से निकले कंटेनर ने उसे चपेट में ले लिया. बताया जा रहा है कि दोनों हादसों के समय बारिश हो रही थी और सड़क पर पानी व फिसलन के कारण हालात और ज्यादा खतरनाक हो गए थे. दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है.

## लोहे के एंगल से युवक पर हमला, सिर फोड़ा

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र के तंजीम नगर मेन रोड पर रहने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर लोहे की एंगल से हमला कर दिया. हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. तंजीम नगर निवासी 35 वर्षीय अब्दुल रजाक ने शिकायत दर्ज कराई कि तंजीम नगर मेन रोड पर रहने की बात को लेकर असलम मांडा से विवाद हो गया था. आरोप है कि आरोपी ने पहले मां-बहन की गालियां दीं. विरोध करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट की और पास में पड़ी लोहे की एंगल उठाकर सिर पर वार कर दिया. हमले से फरियादी के सिर के दाहिने हिस्से में चोट आई और खून निकलने लगा. घटना के बाद खजराना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## ईंट मारकर मजदूर की हत्या की गुत्थी नहीं सुलझा पा रही पुलिस

- चार संदेही पुलिस हिरासत में, की जा रही पूछताछ
- 8 साल पहले उज्जैन से इंदौर आया था मजदूर

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में सीएमएचओ कार्यालय के पास मजदूर महेश मालवीय की ईंट मारकर की गई हत्या की गुत्थी दूसरे दिन भी नहीं सुलझ सकी है. पुलिस ने पूछताछ के लिए चार संदेहियों को हिरासत में लिया है, जबकि घटना से पहले मृतक के साथ शराब पीने वाले युवक की तलाश तेज कर दी गई है. पुलिस का मानना है कि उसी से पूछताछ के बाद हत्या की असली वजह सामने आ सकेगी.

जांच में सामने आया है कि मृतक महेश पिता चंद्रशेखर मालवीय उम्र 45 साल मूल रूप से उज्जैन के खाराकुआं स्थित गोल मंडी क्षेत्र का रहने वाला था. पुलिस टीम उसके घर पहुंची, जहां वृद्ध मां शकुंतला और भाई से पूछताछ की गई. परिजनों ने बताया कि महेश करीब आठ साल पहले घर छोड़कर इंदौर आ गया था. वह अविवाहित था और शहर में दिहाड़ी मजदूरी कर अपना गुजारा करता था. नशे का आदी होने के कारण उसका अधिकांश समय फुटपाथ पर साथियों के साथ गुजरता था. पुलिस की अब तक की जांच में आशंका है कि घटना वाली रात शराब पीने के दौरान किसी बात पर विवाद हुआ और गुस्से में उसके सिर पर ईंट से हमला कर दिया, गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई. घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा.



**साथ शराब पीने वाले युवक को अहम कड़ी मान तलाश रही पुलिस**

कुछ लोगों ने पुलिस को बताया है कि घटना से पहले महेश एक युवक के साथ बैठकर शराब पी रहा था. पुलिस अब उसी युवक की तलाश में जुटी है और उसे इस हत्याकांड की अहम कड़ी मान रही है. सेंट्रल कोतवाली थाना प्रभारी रवींद्र पाराशर ने बताया कि मामले में चार संदेहियों से पूछताछ की जा रही है, घटना से पहले मृतक के साथ मौजूद युवक की तलाश भी जारी है. उससे पूछताछ के बाद हत्या के कारण और आरोपियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है.

## सट्टा कारोबार करते-करते एमडी ड्रग्स की तस्करी करने लगा इमरान

- 1.60 लाख रुपए की 16.47 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त
- मंदसौर-रतलाम से लाकर शहर में खपाता था नशा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर की चंदननगर पुलिस ने एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके कब्जे से 16.47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 1.60 लाख रुपए बताई गई है. पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पहले सट्टे का कारोबार करता था, लेकिन जल्दी पैसा कमाने और कर्ज उतारने के लालच में ड्रग्स तस्करी से जुड़ गया. पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक सिरपुर तालाब पार्किंग की दीवार के पास संदिग्ध हालत में खड़ा है. सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से 16.47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इमरान उर्फ इम्मू उम्र 32 साल निवासी लोहा गेट, चंदननगर बताया. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद भी एमडी ड्रग्स का आदी है. नशे की लत, कर्ज और जल्दी अमीर बनने की चाह में उसने ड्रग्स की सप्लाई शुरू कर दी थी. वह मंदसौर और रतलाम से कम कीमत पर एमडी ड्रग्स लाकर शहर में छोटी छोटी पुड़िया बनाकर ऊंचे दामों में बेचता था. आरोपी के खिलाफ पहले से सट्टा, जुआ सहित नौ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.



**आरोपी से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही**

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक कारोले ने इस संबंध में बताया कि आरोपी से रिमांड पर पूछताछ की जा रही है. उससे एमडी ड्रग्स के सप्लायर, नेटवर्क और शहर में इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है. पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी.

### एक नजर में

## दीपक जाजू को गीतों के जरिये दी श्रद्धांजलि

**महू.** दीपक जाजू की चतुर्थी पुण्यतिथि के अवसर पर चयनित 30 गायक कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से दीपक भैया को सुरीली श्रद्धांजलि अर्पित की. यह जानकारी मीडिया प्रभारी विजय परदेसी ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री भेरूसिंह चौहान थे. बसंत अग्रवाल द्वारा भेरूसिंह चौहान की संगीत यात्रा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कबीर भजन परंपरा का सशक्त प्रतिनिधि बताया, मित्र मंडल के संरक्षक राधेश्याम यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. गया मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य जेबी सिंह ने दीपक भैया के संगीत जगत में उनके योगदान को याद किया. इस अवसर पर महू संगीत जगत की तीन विभूतियों भारत सागर, सजल चंदा एवं माला स्टीफंस को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. सम्मान एवं संगीत निशा के इस संयुक्त आयोजन में जितेंद्र चौधरी, अरुण जोशी, मेघा मकरानी, अजयसिंह वर्षसिंह, सुरेश मोरे, मनोज सागर, महेन्द्र चतुर्वेदी, संजय यादव, राजेश भूत, कन्हैया सिंह चौहान, रमेश जायसवार, सुनील कौशल-शिक्षा कश्यप, बीके पाल, सुनीता लाहोरे, विजय पाटीदार, पायल परदेसी, राजीव परदेसी, कनिष्का चारु, उन्नति कामले, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, संगीत माहेश्वरी, सुरेश वैद्य, मो. सलीम खान और कलावती भनारिया ने मधुर गीतों से दीपक भैया को अपनी सुरीली श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर शहर के कई संगीतप्रेमी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे. आभार अरुण माहेश्वरी, कन्हैयासिंह चौहान ने व्यक्त किया. संचालन अरुण जोशी, महेन्द्र चतुर्वेदी एवं पायल परदेसी ने किया.

## माउंट लिटरा जी स्कूल में पदाधिकारियों ने शपथ ली




**महू.** माउंट लिटरा जी स्कूल में छात्र परिषद के पद ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत वंदना के साथ हुआ. मुख्य अतिथि छावनी परिषद की नव-नियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्योति कपूर ने छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया. विद्यालय के प्राचार्य राकेश भाटिया ने बच्चों को सत्यनिष्ठा, सदैव सही कार्य करने, नैतिक मूल्यों का पालन करने, सहयोग की भावना विकसित करने तथा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विद्यालय के आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया. विद्यालय के चेयरमैन तारिक कुरैशी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नेतृत्व के अवसर अवश्य दें. उन्हें निर्णय लेने की स्वतंत्रता दें और उनकी क्षमताओं पर विश्वास रखें. अवसर मिलने पर ही बच्चे जिम्मेदारी निभाना सीखते हैं. इस अवसर पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ विंग के छात्र परिषद पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई. इसमें सीनियर विंग से रायन जूलियन को हेड बॉय तथा आमीना खान को हेड गर्ल चुना गया. वहीं जूनियर विंग से मोहम्मद कुरैशी को हेड बॉय एवं इंद्राक्षी शुक्ला को हेड गर्ल के रूप में चयनित किया गया. छात्र परिषद पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही.

## गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने भोपाल प्रदर्शन में हुए शामिल




**महू.** गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर संतों और सनातन प्रेमियों ने राजधानी में अपनी आवाज बुलंद की. संत समाज सुरक्षा समिति द्वारा आर्यावर्त षट्दर्शन संत समिति के प्रमुख संत देव मुरारी बापू के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच किया गया. पॉलिटेक्निक चौराहे पर भारी संख्या में जुटे संतों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा. पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेता सुनील खरे, एडवोकेट वीरेंद्र, अमित गोगलिया और शुभम खरे सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे. प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संत देव मुरारी बापू ने कहा कि गौ माता सनातन धर्म की आस्था का केंद्र हैं और उन्हें राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिलना ही चाहिए.

## ओटीटी सब्सक्रिप्शन बंद कराने के नाम पर बुजुर्ग दंपती से एक लाख से अधिक ठगे

- गूगल पर सर्च कर कस्टूमर केयर नंबर पर किया था कॉल
- 5 रुपये का भुगतान करते ही मोबाइल हुआ हैक, खाते से उड़ गए रुपए

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** ऑनलाइन ठगी के नए नए तरीकों के बीच इंदौर में एक बार फिर साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग दंपती को निशाना बनाया. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में ओटीटी सब्सक्रिप्शन बंद कराने के नाम पर ठगों ने मोबाइल हैक कर दंपती के बैंक खातों से एक लाख रुपए से अधिक की राशि पार कर दी. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

फरियादी निर्मल ने पत्नी के साथ मिलकर शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने एक ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन ले रखा था, जिसे बंद कराने के लिए उन्होंने गूगल पर संबंधित कंपनी का कस्टमर केयर नंबर खोजा. सर्च में मिले नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर 5 रुपए का भुगतान करने को कहा. भुगतान करते ही मोबाइल की स्क्रीन अचानक ब्लैंक हो गई. कुछ देर बाद फोन दोबारा चालू करने पर पता चला कि उनके और उनकी पत्नी के बैंक खातों से एक लाख रुपए से अधिक की राशि निकाल ली गई.

**पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही**

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर साइबर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है. प्रारंभिक जांच में जिस मोबाइल नंबर से संपर्क हुआ, वह भारत का पाया है. पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है. साथ ही लोगों से अपील की है कि किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर केवल उसके आधिकारिक माध्यम से ही प्राप्त करें और गूगल सर्च में दिखाई देने वाले अज्ञात नंबरों पर भरोसा न करें.

## चोरी के मोबाइल खपाने आए गुना के दो बदमाश जीआरपी के हत्थे चढ़े

- 3 मोबाइल और पुराना लैपटॉप जब्त, की जा रही पूछताछ
- स्टेशन पर सस्ते में मोबाइल बेचने की फिराक में थे आरोपी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** रेलवे स्टेशन पर चोरी के मोबाइल सस्ते दामों में बेचने की फिराक में आए गुना के दो बदमाश जीआरपी के हत्थे चढ़ गए. पुलिस ने दोनों के कब्जे से तीन पुराने मोबाइल और एक पुराना लैपटॉप बरामद किया है. आशंका है कि बरामद मोबाइल ट्रेनों में हुई चोरी की वारदातों के हैं. पुलिस दोनों से पूछताछ कर अन्य मामलों का भी खुलासा करने में जुटी है. पिछले कुछ दिनों से ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं. इसी को देखते हुए संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी. इस दौरान स्टेशन परिसर में दो युवक यात्रियों को सस्ते दामों में पुराने मोबाइल बेचने का सौदा करते दिखाई दिए. संदेह होने पर पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की. उनकी पहचान गुना निवासी भय्यू उर्फ समीर और हरिसिंह के रूप में हुई.

**ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह से ताल्लुक रखने का संदेह**

दोनों से ट्रेनों में हुई मोबाइल चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है. इधर, रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. रविवार रात प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर देवास निवासी मोहन गुप्ता का मोबाइल चलती ट्रेन में चोरी हो गया. मामले में पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है. मामले में जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है. बरामद मोबाइलों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है, यह भी जांच की जा रही है कि वे किन वारदातों में शामिल रहे हैं और चोरी का सामान किन लोगों को बेचते थे.

## 36 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को दबोचा

- 3.60 हजार रुपए कीमत की है जब्त की गई ब्राउन शुगर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में ब्राउन शुगर की सप्लाई करने निकले तीन तस्करों को क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर से गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 36 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 3.60 लाख रुपए बताई गई है. तीनों आरोपी बाइक से शहर में नशे की खेप खपाने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही टीम ने उन्हें दबोच लिया.**

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि तीन युवक ब्राउन शुगर लेकर सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में आने वाले हैं. सूचना मिलते ही टीम ने मेट्रो स्टेशन क्रमांक 2 के पास सर्विस रोड पर घेराबंदी कर काले रंग की पल्सर बाइक से पहुंचे तीनों युवकों को रोक लिया. तलाशी लेने पर बाइक की सीट के नीचे छिपाकर रखी पन्नी से 36 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर ब्राउन शुगर और बाइक जब्त कर ली है. गिरफ्तार आरोपियों में मनिया केवट उर्फ मणी उर्फ रियांशु उम्र 23 साल निवासी न्यू रामनगर, बाणगंगा, आकाश कौशल उम्र 30 साल निवासी शुभम नगर, स्कीम नंबर-51 और ऋषि यादव उम्र 22 साल निवासी शुभम नगर, स्कीम नंबर-51 शामिल हैं. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि तीनों मजदूरी का काम करते हैं. अब पुलिस यह पता लगा रही है कि ब्राउन शुगर किससे खरीदी गई थी और इसे शहर में किन लोगों तक पहुंचाया जाना था.



**आरोपियों से पूछताछ की जा रही**

डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों से ब्राउन शुगर के सप्लायर और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है. पूछताछ के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी.

## एक आरोपी भूमाफिया का बेटा दूसरा तस्कर पहले भी पकड़ा जा चुका

- एमडी ड्रग्स के साथ कार में पकड़े गए दो युवकों का मामला

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने कल दो कार सवार युवकों को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा था, बताते हैं कि इनमें एक जहां भूमाफिया का बेटा है तो दूसरा पहले भी ड्रग्स के साथ पकड़ा जा चुका है, वहीं ये लोग एक महिला तस्कर से जुड़े हैं. पुलिस इस पूरे रैकेट की जानकारी जुटा रही है.**

कनाड़िया पुलिस ने कल कार से एमडी ड्रग्स लेकर जा रहे इसराइल पिता इस्लाम पटेल और साजिद कुरैशी को पकड़ा था, दोनों खजराना क्षेत्र के निवासी है. इसराइल का पिता इस्लाम भूमाफिया है और उसके खिलाफ भी कुछ केस पहले से खजराना क्षेत्र में दर्ज हैं. वहीं कार भी उसकी ही है, जबकि दूसरे आरोपी साजिद को कुछ समय पहले क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था. वहीं पूछताछ में इन लोगों ने एक महिला तस्कर मिष्ठी से भी संपर्क की बात कही है. मिष्ठी के पास अनूप नगर और श्रीनगर कांकड़ के कई लोग जुड़े हैं, जो उसके लिए काम करते हैं. मामले में एडीसीपी अमरेंद्रसिंह का कहना है कि एक आरोपी का पिता भूमाफिया है. उसके खिलाफ पहले से कुछ केस दर्ज हैं, जबकि इस महिला सहित कुछ और लोग शामिल हैं. सबकी कुंडली तैयार की जा रही है. जल्द इस मामले में कुछ और लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी.

**एक नजर में** वार्ड 41 स्थित सम्राट नगर के रहवासियों का कीचड़-गंदगी के कारण सड़क से निकलना और बदबू-मच्छरों के कारण घरों में रहना हुआ मुश्किल

## सीवरेज लाइन चोक होने से दो माह से सड़क पर बह रहा गंदा पानी



**इंदौर. शहर की सबसे बड़ी जन समस्या सीवरेज लाइन उभरकर सामने आई है. इसके निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा बड़े प्रोजेक्ट दिखाकर वादे तो किए गए, लेकिन आज भी कई क्षेत्र में बदहाली नजर आती है. शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की सुस्ती टूट नहीं रही.**

शहर को स्वच्छता में लगातार अव्वल होने के बावजूद शहरभर में व्याप्त सीवरेज लाइन की समस्या दूर नहीं हो पा रही है. ऐसा ही मामला वार्ड क्रमांक-41 स्थित सम्राट नगर में भी सामने आया है. यहां जमीनी हकीकत सिस्टम की नाकामी बयां कर रहा है. बंगाली चौराहा और खजराना को जोड़ने वाले सम्राट नगर के व्यस्त मुख्य मार्ग पर पिछले दो महीनों से सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. सड़क के बीचों-बीच क्षतिग्रस्त चैंबर और बिखरे मलबे से वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. वहीं, चौक सीवरेज लाइन की गंदगी सड़कों पर रहने से क्षेत्र वासियों को कई तरह की सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों द्वारा कई बार हेल्पलाइन और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ, जबकि जनप्रतिनिधि इसी मार्ग पर निवास करते हैं, फिर भी इस ओर नहीं दे रहे हैं. इस असुविधा के बीच मुख्य मार्ग रोज हजारों लोगों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है. सवाल यह है कि जब छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के दावे किए जाते हैं, तब दो महीने से चली आ रही इस परेशानी का जिम्मेदार कौन है? क्या स्वच्छता और विकास के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं, या जिम्मेदार अब इस समस्या का स्थायी समाधान करेंगे?

**यह बोले रहवासी....**



वैसे तो महीनों से यही बदहाली है, लेकिन दो माह से ज्यादा परेशानी हो गई है. बदबू इतनी है कि घरों में बैठना भी दूभर है. शिकायत करो तो थोड़ा बहुत करके चले जाते हैं, कुछ ही देर बाद फिर सड़क पर गंदगी बहने लगती है.

– बानो बी



बार-बार ढक्कन टूट जाते हैं. चौबीसों घंटों बदबू और मच्छर होने से लोग बीमार हो रहे हैं. सड़क से आना-जाना भी दुश्वार हो चुका है. टूटे चैंबर और मलबे के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, यहां तक कि पैसेंजर रिक्शा पलट गई.

–जाकिर हुसैन



यातायात के लिए मुख्य रोड तो है, लेकिन घनी आबादी के कारण क्षेत्रवासियों को कई तरह की समस्याएं उठाना पड़ रही हैं, शिकायत करने के बावजूद कोई ध्यान नहीं दे रहा.

– मोहम्मद निजामुद्दीन